हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यही आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रूप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया, पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों? शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता-देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रूप की आराधना का मंत्र है-

दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।


# मंदिरों में जगमगाई मनोकामना ज्योत, पंडालों में विराजी मां की प्रतिमाएं..पदयात्रियों के लिए वन-वे हुआ एनएच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्र पर्व प्रारंभ होते ही श्रद्धा भक्ति का माहौल है। देवी मंदिरों में जहां आस्था के ज्योत प्रज्जवलित किए गए हैं। वहीं पूजा पंडालों में मां दुर्गा की मनमोहक मूर्तियां विराजित है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में नवरात्र पर्व की रौनक बनी हुई है।

शारदीय नवरात्र पर्व सोमवार से प्रारंभ हो चुका है। पर्व को लेकर अंचल में श्रद्धाभक्ति का माहौल है। दस दिनों के नवरात्र को लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों के देवी मंदिरों में सुबह से देर शाम तक ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। वहीं पूजा पंडालों में मां दुर्गा की विविध रूपों में प्रतिमाएं स्थापित किए जाने का क्रम सुबह से देर शाम तक जारी रहा।

ज्ञात हो कि नवरात्र पर्व की तैयारियां पूर्व से ही घर, मंदिरों एवं पूजा पंडालो में शुरू कर दी गई थी। मंदिरों में भक्तों ने मुहूर्त पर ज्योत प्रज्जवलित किए। मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ सहित शहर के मां शीतला मंदिर सोनारपारा, मां पाताल भैरवी मंदिर, भानेश्वरी मंदिर सिंघोला, कालीमाई मंदिर पुराना बस स्टैंड, कालीमाई मंदिर ब्राम्हणपारा, महामाई मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति बनी रही। भक्त पूजा-अर्चना व ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने जुटे रहे। इस दौरान माता के जयकारों की गूंज रही। घरों में भी लोगों ने श्रद्धाभक्ति के साथ देवी मां की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।







### देवी प्रतिमाएं स्थापित

शारदीय नवरात्र पर्व पर ग्रामीण अंचल सहित शहरी इलाके में बड़ी संख्या में पूजा समितियों द्वारा देवी मां की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। शहर के कृषि उपज मंडी, बसंतपुर, बांसपाईपारा, दुर्गा चौक, नंदई चौक, ब्राम्हण पारा, गांधी चौक, जमातपारा, लखोली, स्टेशनपारा, ममता नगर, मोतीपुर, नवागांव, जयस्तंभ चौक, सिविल लाइन, काली बाडी केसर नगर सहित कई स्थानों पर पूजा समितियों द्वारा देवी मां की मूर्तियां स्थापित की गई है। कई समितियों द्वारा पर्व के एक-दो दिन पूर्व से ही मूर्तियों को मूर्तिकारों के यहां से पूजा स्थल तक बाजे-गाजे के साथ लाया जा चुका है। वहीं कई समिति के सदस्यों द्वारा सोमवार सुबह से देर शाम तक देवी प्रतिमाओं को पूजा पंडालों तक ले जाने का क्रम बना रहा। देवी मूर्तियां पूजा स्थल पर पहुंचने पर समिति एवं आसपास के रहवासियों द्वारा देवी मां का भव्य स्वागत बाजे-गाजे, आतिशबाजी के साथ भी किया गया। नवरात्र के पहले ही दिन से सुबह से देर रात तक लोगों की चहल-पहल शुरू हो चुकी है।

## शहर में भारी वाहन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्र पर्व के दौरान मां बम्लेश्वरी देवी एवं शहर के मंदिरों में दर्शन हेतु बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों एवं पदयात्रियों का आवागमन बना रहता है। जिसके लिए पुलिस ने मार्ग निर्धारित किया है। शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है।

⏩ शेष पेज 14 पर

### वाहनों के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित

राजनांदगांव की ओर से जाने वाले सभी छोटे वाहन कार, मोटर साइकिल के दर्शनार्थी तुमड़ीबोड़ से मुरमुंदा, मुरमुंदा से बधियाटोला, बधियाटोला से गुरूद्वारा पार्किंग या क्षीरपानी पार्किंग में वाहन पार्किंग करेंगें एवं वापस जाने के लिए मुरमुंदा एवं मुरमुंदा से उरईडबरी नेशनल हाईवे में निकल जाएंगे। नागपुर की तरफ से छोटे वाहन में आने वाले दर्शनार्थी चिचोला से लालबहादुर नगर, गाजमर्रा से कॉलेज ग्राउंड के पास गौशाला पार्किंग में वाहन पार्किंग कर सकते हैं या आगे शहर की ओर जा सकते हैं। वापस जाने से लिए गुरूद्वारा पार्किंग से मुरमुंदा एवं मुरमुंदा से उरईडबरी नेशनल हाईवे में निकल जाएंगे। खैरागढ़ तरफ से आने वाले दर्शनार्थी हाईस्कूल में वाहन पार्किंग करेंगे या आगे शहर की ओर जा सकते हैं एवं उसी मार्ग से वापस जाएंगे।




# कार्य में लापरवाही पर 3 प्रधान पाठक सहित एक सहायक शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सरकारी स्कूलों में पदस्थ कर्मचारियों के कार्य में लापरवाही बरतने पर अब शिक्षा महकमा ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। काम में लापरवाही करने वाले जिले के तीन प्रधान पाठकों एवं शराब सेवन कर स्कूल आने वाले एक सहायक शिक्षक के खिलाफ शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबन की कार्रवाई की गई है। साथ ही सभी स्कूलों को यह निर्देश भी दिए गए हैं कि अध्ययन कार्य के साथ ही अन्य काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना की जाए। ज्ञात हो कि इससे पहले भी हाल ही में दो प्रधान पाठकों पर कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के नवनियुक्त शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ एक्शन लेने कहा है। जिले में पिछले एक सप्ताह के भीतर ही जिले में छह कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने की है। इनमें पांच प्रधानपाठक शामिल है। शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शराब सेवन कर स्कूल आने की शिकायत मिलने पर तत्काल एक्शन लिया जा रहा है। इसके साथ ही विभागीय कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

### यह एचएम निलंबित


मिली जानकारी के अनुसार तीन प्रधान पाठक को निलंबित किया गया है। इनमें छुरिया के मातेखेड़ा प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक गंगाराम नेताम, छुरिया के घोघरे प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अरूण मंडावी और डोंगरगढ़ के तोतलभर्री प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक शंकरलाल सलामे शामिल हैं। इनके प्रधान पाठकों के खिलाफ कार्यालयीन पत्राचारों का जवाब नहीं देने, अनियमित रूप से अनुपस्थित रहने, पदीय कर्तव्यों में लापरवाही बरतने, अनुशासहीनता जैसे आचरण के चलते छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### शराब पीकर आने पर किया निलंबित

स्कूलों में शिक्षकों के शराब सेवन कर आने की लगातार शिकायतें सामने आती रही है। अब ऐसे मामलों में ठोस कार्रवाई की शुरूआत हो गई है। जिले के डोंगरगढ़ विखं के खुर्सीपारखुर्द प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक विश्वनाथ चंद्रवंशी को शराब सेवन कर स्कूल आने की वजह से निलंबित कर दिया गया है।

### माए एंगल









नवरात्रि पर्व पर सजे हमारे साथ खरीदे सूरत की साड़ी सूरत के दाम पर एक छत के नीचे पूरे परिवार के लिए खरीदें कपड़े...
जिले का सबसे बड़ा शोरुम डोंगरगांव में फैमिली शॉप थोक भाव में रिटेल कपड़ा दुकान
प्रशांत होलसेल बाजार
पुराना स्टेट बैंक, फव्वारा चौक के समीप, डोंगरगांव
संपर्क सूत्र : सौरभ - 9981640064, प्रशांत - 8962960000
सभी कपड़े मार्केट रेट से 20% से 30% तक कम दाम में
शेरवानी, ब्लेजर, रेडीमेड, होजयारी, सूटिंग, शर्टिंग, सूट, साड़ियां, लाचा, हैंडलूम, फर्निशिंग, किड्स वियर

## खबर संक्षेप

### शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**घुमका।** विकास समिति के अध्यक्ष गंगेश्वर वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को स्वामी आत्मानंद हिंदी अंग्रेजी उत्कृष्ट स्कूल में प्राचार्य, अंग्रेजी, संस्कृत व्याख्याता और भृत्य के रिक्त पदों की पूर्ति करने की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अंग्रेजी व्याख्याता दीपिका कश्यप को घुमका में वापस लाने की मांग भी की। इस दौरान सीएल आडिल, पितांबर निषाद, सौरभसिंह, पूनम यादव मौजूद थे।

### किसान सम्मेलन और मेला 28 को

**डोंगरगांव।** आगामी 28 सितंबर को कृषि उपज मंडी परिसर में किसान सम्मेलन और मेला का आयोजन रखा गया है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों के शामिल होने की संभावना है। इस मौके पर खेती में अमूल्य योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा। किसानों के मनोरंजन के लिए लोक रंजनी का कार्यक्रम भी रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी करेंगे। आयोजकों ने अंचल के किसानों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### सरकार बदली पर काम पुराने ढर्रे पर

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस विभिन्न मुद्दों को उठाकर प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार को घेरने में जुटी है। लगातार धरना प्रदर्शन के बाद भी प्रशासनिक कामकाज में किसी प्रकार का बदलाव नहीं दिख रहा है जिससे भी सरकार की किरकिरी हो रही है किन्तु इस ओर भाजपा के प्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका में करोडों के निर्माण कार्यों व खरीदी का ठेका उन्ही लोगों को मिल रहा है जिनकी कांग्रेस शासन काल में तूती बोलते रही है। वर्तमान में मीना बाजार पार्किंग का ठेका जिसे दिया गया है वह कांग्रेस नेता का करीबी है। वह कांग्रेस शासन काल में मोनोपल्ली चला चुका है। हैरानी की बात यह है कि कांग्रेस द्वारा भाजपा के खिलाफ लगातार प्रदर्शन करने के बाद भी भाजपाई नेता चुप्पी साधे हुए है। गौरतलब है कि जनपद पंचायत में भाजपा का बहुमत होने के बाद भी कांग्रेस का दबदबा बना हुआ है। इसी प्रकार नगर पालिका में भाजपा के बजाए कांग्रेस की तूती बोलते नजर आ रही है।

### डांस प्रतियोगिता 25 को

**चिचोला।** राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम महाराजपुर में युवा मित्र मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आगामी 25 सितंबर को रात्रि 7 बजे से रखा गया है। स्पर्धा के सामूहिक वर्ग में विजेताओं को क्रमशः 5000, 3000, 2000, 1000, युगल वर्ग में 3000, 2000, 1000, 750, एकल वर्ग में 1000, 700, 500 रुपए दिया जाएगा। यह जानकारी समिति के त्रिलोक कुमार, रूपेश कुमार ने दी।

### नशीली टेबलेट बरामद

**डोंगरगढ़।** पुलिस ने नशा विरोधी अभियान के तहत थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह के नेतृत्व में 20 सितंबर को शेण्डे लाज के पास आरोपी नागेश्वर उइके पिता पुनीत उइके निवासी ठेठवार पारा को नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से 97 नग नशीली टेबलेट कीमती लगभग 436 रूपए एवं 200 रूपए नगदी जप्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 21(ख) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

### 75 यूनिट रक्तदान



**डोंगरगढ़।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन भाजपा ग्रामीण मंडल ने सिवनीकला में किया। शिविर में 75 यूनिट रक्तदान किया गया। मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया है। रक्तदान करने वालों में 18 साल के युवा से लेकर 60 वर्ष के व्यक्ति शामिल थे। सभी रक्तवीरों को हेलमेट प्रदान किया गया। शिविर के आयोजन में अपना ब्लड सेंटर के अभय बैद, राजनादगांव के फनेन्द्र जैन एवं मेडिकल टीम ने सहयोग दिया। इस दौरान रामजी भारती, किरण साहू, लता अजय सिन्हा, हीराराम वर्मा, जैनकुमार मेश्राम, रवि यादव, धरमचंद वर्मा, मनीष सोनी, कमलेश प्रजापति, राघवेंद्र वर्मा, हेमकुमार साहू, जितेन्द्र गेंड्रे, तेजलाल वर्मा, योगेश संचेती, नामदेव साहू, लखन देशलहरे आदि मौजूद थे।

#### देर रात तक ज्योति कलशों की स्थापना


# नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्वांर नवरात्र के पहले दिन रेल मार्ग से हजारों की संख्या में दर्शनार्थी माता बम्लेश्वरी का दर्शन करने पहुंचे। महाराष्ट्र की ओर से आने वाली रेलगाड़ियों से आने वालों की संख्या सर्वाधिक थी। रेल के अलावा सडक मार्ग से भी पहले दिन दूरदराज के लोग देवी दर्शन करने पहुंचे।

नवरात्रि के एक दिन पहले रविवार को शाम को 5 बजे के बाद से देर रात तक दर्शनार्थियों की भीड देखने मिली जो सोमवार को प्रातः तक रही। उल्लेखनीय है कि नवरात्र को लेकर नीचे मंदिर में माता बम्लेश्वरी के दरबार सहित उपर मंभ्र गर्भगृह को कलकता के कारीगर ने आकर्षक रूप देते हुए फूलों से सजाया है। वहीं मंदिर परिसर और आसपास क्षेत्र में इंदौर से मगाई गई रंगबिरंगी लाइटो को बिलासपुर के कारीगरों ने कलात्मक रूप से सुसज्जित किया है।



### ज्योति कलशों की स्थापना

ऊपर मंदिर, नीचे मंदिर, शीतला मंदिर में लगभग 10 हजार ज्योति कलशों की स्थापना देर रात तक किया गया। वहीं विकासखंड के अन्य देवी मंदिरों में लगभग 50 हजार ज्योति कलशों की स्थापना किया गया। कलश स्थापना के साथ पूजा अर्चना का दौर भी शुरू हो गया। अगले एक अक्टूबर को ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा।

### गायत्री मंदिर में कलश स्थापना



**अंबागढ़ चौकी।** शारदीय नवरात्र के मौके पर गायत्री शक्तिपीठ में सदस्यों ने प्रातः पूजा, जाप, ध्यान, हवन का आयोजन किया। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन धार्मिक आयोजन में अखिल विश्व गायत्री परिवार के सदस्यों ने उपस्थिति इर्जा कराया। इस मौके पर गायत्री शक्तिपीठ में अखंड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गय



# समूह चर्चा में महक अग्रवाल बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- रजत जयंती के मौके पर कालेज में विविध आयोजन
- 36 छात्रों ने किया रक्तदान

नेहरू महाविद्यालय में रजत जयंती के उपलक्ष्य में कंप्यूटर विभाग द्वारा समूह चर्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती थी। स्पर्धा के निर्णायक ओपी वर्मा, पुर्वेश बांधव तथा डॉ. गोकुल प्रसाद थे। संचालन तूलिका चक्रवर्ती ने किया। समूह चर्चा में प्रक्रिया, महत्व एवं मूल्यांकन के मानदंडों आदि की जानकारी पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से दी। निर्णायकों ने छात्रों के समूह को अलग-अलग विषय दिए, जिस पर 10 मिनट तक विचार प्रस्तुत किए। फाइनल ग्रुप डिस्कशन में प्रथम स्थान महक अग्रवाल, द्वितीय निखिल सहारे तथा तृतीय स्थान वसुंधरा ने प्राप्त किया।

### शिविर में 36 यूनिट रक्तदान

शारीरिक शिक्षण विभाग, एनएसएस, एनसीसी तथा रेडक्रास इकाई के तत्वावधान एवं भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव की ब्लड बैंक टीम के सहयोग से गत दिनों रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 छात्र-छात्राओं एवं नगरवासियों का हीमोग्लोबिन एवं वजन का परीक्षण किया गया। जांच के बाद 36 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, भाजपा शहर अध्यक्ष जसमीत सिंग बन्नोआना आदि उपस्थित थे। शिविर में मेडिकल कॉलेज की टीम प्रमुख डॉ. रिंकू सिंह, चुमेश साहू, ममता साहू, गीतेश, राकेश साहू ने सेवाएं दी।

### फूड कनैक्ट विषय पर व्याख्यान

आयोजन की कड़ी में गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में फूड कनेक्ट विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूक्ष्म हरित पौधों के माध्यम से सूक्ष्म खनिजों एवं पौष्टिक तत्वों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई। मुख्य वक्ता डॉ. नौशीन अंजुम थी। उन्होंने बताया कि भोजन का पाचन मुंह से होने से पहले मस्तिष्क में होता है। मस्तिष्क से ही हार्मोन एवं एंजाइम का स्राव पूरे शरीर को नियंत्रित करता है। उन्होंने सलाह दी कि भोजन को शांति और स्वाद के साथ ग्रहण करना चाहिए। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने कुपोषण के संबंध में जानकारी दी। हिंदी विभाग के गुलशन सिन्हा ने फास्ट फूड के दुष्परिणामों से अवगत कराया। गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने गेहूं, मूंग, चना, चिया बीज एवं सरसों जैसे सूक्ष्म हरित पौधों का प्रदर्शन किया।

## गड़बड़ियों पर कार्रवाई नहीं

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका में कमीशनखोरी, टेंडर प्रक्रिया में गडबड़ी एवं निर्माण कार्य में अनियमितता के मामले सामने आने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से ठेकेदारों के हौसले बुलंद है। भवन मरम्मत, नाली निर्माण, मेला व्यवस्था, बिजली व्यवस्था, सफाई, सामग्री खरीदी के नाम पर गड़बड़ी की शिकायत के बाद कार्र्रवाई तो दूर जांच तक नही की जा रही है। वर्तमान में ठेकेदार रिंग बनाकर अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से सांठगांठ कर काम ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार कांग्रेस शासनकाल में बिलो में जानेवाले निर्माण कार्य को एबब में देने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अगर कोई ठेकेदार अपनी इच्छा के अनुरूप कार्य को लेना चाहता है तो उसे पहले निर्धारित कमीशन बताया जाता है। ठेकेदार नियमानुसार निविदा फार्म लेना चाहता है तो बिना तालमेल के निविदा फार्म नहीं दिया जाता। जनप्रतिनिधि और अधिकारी सरकार का दबाव होना बताकर चहेते ठेकेदार को ही काम उपब्लध करा रहे है जिससे शासन को नुकसान हो रहा है।

# युवाओं ने किया गृहमंत्री का पुतला दहन

- महासचिव की गिरफ्तारी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का विरोध करते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि बस्तर ओलंपिक में हुए भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला ने मंत्रालय में आयुक्त का घेराव किया था। आयुक्त के निर्देश पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भावेश शुक्ला एवं अन्य को गिरफ्तार किया। युवा नेताओं के विरूद्ध एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। कार्रवाई का विरोध करते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन में वीरेंद्र बोरकर, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र साहू, राकेश साहू, प्रियंक जैन, लिलेश पटेल, श्रुति शुक्ला, रितेश राजपुत, शशांक खोबरागड़े, पुष्पेंद्र नेताम, वसीम अहमद, अमित ठाकुर, अब्दुल, संदीप रत्नाकर, आरती कोरे, प्रमोद साहू, राकेश साहू, बंटी मंडावी, गिरीश साहू, कोमल मंडावी, महेश्वर खरे, सुभाष पटेल, मोनू पटेल, मनीष पटेल, रुपेश पटेल, सत्तू पटेल, तुषार यादव, मनीष पटेल, पीयूष निषाद, चोंटू पटेल, अज्जू पटेल, टेकश्वर पटेल, धर्मेंद्र पटेल आदि शामिल हुए।

#### स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

# जनप्रतिनिधियों ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रौशनी भगत के के मार्गदर्शन में गत दिनों विकासखण्ड की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ शपथ का सामूहिक आयोजन कर स्वच्छता ही सेवा अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीण एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया गया। स्वच्छता को जनआंदोलन के रूप में अपनाने का आह्वान किया गया।

जानकारी के अनुसार ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत आरी में जिला पंचायत सभापति जाग्रति चुन्नी यदु ने ग्रामीणों को शपथ दिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इसी तरह ग्राम पंचायत बोदेला में जनपद पंचायत की सभापति जया तिमेश साहू ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के महत्व से जोड़ते हुए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत घोरदा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशनी भागत टोप्पो एवं जनपद पंचायत के सभापति उमेश साहू ने स्वच्छता शपथ दिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सरपंच सूर्यकांत साहू, पंचायत प्रतिनिधि, स्वच्छताग्राही समूह के सदस्य, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्वच्छता को अपनाएं

कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने स्वच्छता को स्वास्थ्य, विकास और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए ग्रामीणों से इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। ग्रामीणों ने भी शपथ लेकर यह संकल्प लिया कि वह घर, गली, मोहल्ले और गाँव को स्वच्छ रखने में सक्रिय योगदान देंगे।

## होटल की आड़ में शराब की बिक्री

**मुरमुंदा।** ग्राम पंचायत मुड़पार में खुलेआम शराब बिक रही है। शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने की दिशा में ग्राम पंचायत द्वारा पहल नहीं किया जा रहा है। ग्राम में होटल संचालन की आड़ में शराब बेचा जा रहा है जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। शाम होते ही शराबी आसपास के लोग शराब खरीदने पहुंचते है। वहीं गांव में आसानी से शराब मिलने से बच्चे भी शराब का सेवन करने लगे है। जानकारी के अनुसार हाल के दिनों डोंगरगढ पुलिस ने मुरमुंदा में शराब कोचियों पर कार्रवाई किया था जिसके बाद अवैध शराब बिक्री बंद हो गई है किन्तु मुड़पार में शराब बिकने की शिकायत लगातार करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। गांव में शराब बिकने की जानकारी पुलिस और आबकारी विभाग को है फिर भी कार्रवाई करने से परहेज किया जा रहा है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप

### मैराथन में दीपिका प्रथम

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मैराथन दौड़ का आयोजन 22 सितंबर को अतिथि क्रीड़ा अधिकारी मोनिश खान ने किया। मैराथन दौड़ में तीनों संकाय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीपिका, द्वितीय नेहा यादव रही। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त अतिथि व्याख्याता उपस्थित थे।



### कॉलेज का लिया जायजा

**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में पाठ्यक्रम की अस्थाई संबद्धता के लिए विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण समिति का आगमन 20 सितंबर को हुआ। निरीक्षण समिति के समन्वयक डॉ. आलोक मिश्रा के साथ प्रो कल्पना शुक्ला पांडे, डॉ. अनिता शंकर, डॉ महेश श्रीवास्तव, डॉ प्रेमलता मिश्रा, डॉ नीरू अग्रवाल, डॉ बीपी त्रिपाठी, डॉ डीएस रघुवंशी, डॉ. अल्पना दुबे, डॉ श्रीराम कुंजाम शामिल थे। समिति ने शैक्षणिक, भौतिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्यों ने कक्षाओं, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल सुविधा, स्टॉफ रूम तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं का निरीक्षण किया। समिति ने दस्तावेजों की जाँच करने के साथ विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों से बातचीत की। प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता ने वार्षिक पत्रिका क्रॉनिकल प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान संजय देवांगन, डॉ नवीन राजपूत, पूजा देवांगन, रितेश बंजारे, रवि चतुर्वेदी, नेमू साहू, मासूम वर्मा, नेलम दीवान, शीला बंजारे उपस्थित थे।



### शिव मंदिर की हुई सफाई

**गंडई पंडरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष कार्यक्रम अंतर्गत भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में टिकरीपारा स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में सफाई किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और प्रधानमंत्री के सपने को साकार करना है। भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।



### भुरभुसी में स्वच्छता अभियान

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत भुरभूसी में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत सफाई किया गया। जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, समुह की महिला एवं स्वच्छता दीदीओं ने सरकारी स्कूल, पंचायत भवन, मोहल्ला व सड़क के आसपास के कूड़ा कचरा को साफ करते हुए लोगों को घर, आंगन एवं मोहल्ला साफ रखने प्रेरित किया। लोगों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। चायत भवन में राशन कार्ड में नाम जोड़ने तथा काटने के लिए शिविर लगा कर हितग्राहियों से आवेदन लिया गया। इस अवसर पर आश साहू, नोमन विश्वकर्मा, किरण चतुर्वेदी, भाना बाई साहू, सुरेन्द्र कुमार साहू, तुकाराम पटेल, सुनीता चतुर्वेदी, शिक्षक, आंगनबाड़ी सहायिका कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल थे।



### डॉ. पीसी लाल यादव को राजीव लोचन ज्ञान रत्न सम्मान

**गंडई पंडरिया।** राजीव लोचन साहित्य संस्था रायपुर द्वारा 21 सितंबर को भाटापारा में आयोजित पुरखा के सुरता कार्यक्रम में गंडई के डॉ. पीसी लाल यादव को राजीव लोचन ज्ञान रत्न सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उनकी लंबे समय से चली आ रही साहित्यिक सेवाओं और विशिष्ट उपलब्धियों के लिए दिया गया। इस मौके पर डॉ. यादव की लिखी हुई पांच बाल साहित्य की पुस्तकों महके सारा मधुवन, आओ साथी दीप जलाएं, सूरज ने खोली गठरी, फुदक-फुदक गौरैया नाचे और सुबह-सुबह किरणें आई का विमोचन भी हुआ। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भर से आए कवियों ने भी अपनी रचनाएं सुनाईं।



### सामाजिक बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले

**गंडई पंडरिया।** धमधा गंडई राज की सामाजिक बैठक शनिवार को लालपुर के अहिल्यादेवी प्रांगण में हुई। दोपहर 1 बजे शुरू हुई इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गोविंद राम धनकर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता शंकरलाल पाल ने की। संचालन अशोक पाल ने किया। इस दौरान समाज से जुड़े 8 प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण फैसले धमधा गंडई राज की नई सामाजिक जनगणना कराने और समाज का आधिकारिक पंजीयन कराने का लिया गया।बैठक में प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारियों के अलावा, युवा संगठन के सदस्यों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। राजनांदगांव-खैरागढ़ के जिलाध्यक्ष छगन लाल धनकर भी मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी निरंजन धनकर ने दी।

## निधन



### ओंकारदास वैष्णव

**राजनांदगांव।** ग्राम खैरा निवासी ओंकारदास वैष्णव पिता स्व. चुरामन दास वैष्णव का 19 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में वैष्णव समाज एवं सर्व समाज व ग्राम के गणमान्य नागरिक सहित वैष्णव समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### लोगों को गर्मी एवं उमस से थोड़ी मिली राहत

# धान की फसल के लिए जीवन दायिनी साबित हुई तेज बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के चलते क्षेत्र में शनिवार की दोपहर से रात तक तेज हवा और गर्जना के साथ बारिश हुई। यह बारिश धान फसलों के लिए जीवन दायिनी साबित हुई है।

तेज तापमान से पौधों में लग रही विभिन्न बिमारियों से राहत मिलने की संभावना बढ़ गई है। तेज हवा ने हरूना धान, जिनकी बालियां निकल आई है के लिए परेशानी खड़ा कर दिया है। किसानों ने बताया कि धान के पौधे बड़े होने के कारण तेज आंधी में पौधे गिर गए है जिससे उत्पादन प्रभावित हो सकता है। रोसड़क अतरिया, खैरा नवापारा, कुकुरमुड़ा, खैरबना आदि गांव में एक बड़े रकबा का धान आंधी में गिर गया है। जिसकी बेहतर पकने की कम उम्मीद है।



#### दलहन तिलहन को नुकसान

वर्तमान में और अधिक बारिश होती है तो दलहन तिलहन फसल प्रभावित होने की आशंका है। किसानों ने बताया कि सोयाबीन, उड़द, मुंग की फसल पक कर तैयार हो रहा है। कुछ समय बाद इन फसलों की कटाई शुरू हो जाएगी। ऐसे समय पर अधिक बारिश होती है तो बरसाती पानी खेतों में भर जायेगा और फसल खराब हो सकती है।

#### रोगों पर अंकुश

वही दूसरी ओर यह बारिश खरीफ फसल के लिए काफी फायदेमंद बताया जा रहा है। किसानों ने बताया बारिश के लम्बे अंतराल के चलते तापमान काफी बढ़ गया था। तथा अल्प व खंड वर्षा चलते खेत सुख गया था। जिससे धान के पौधों में माहू, ब्लास्ट, तना छेदक, फंगी साइट आदि बीमारी पौधों को नुकसान पहुंचा रहा था। बारिश के बाद तापमान में कमी आई है। तथा खेतों में भी पर्याप्त पानी का भराव हो गया है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि पौधों में लग रहें बीमारी से राहत मिलेगी।

## मेगा स्वच्छता अभियान, 25 को स्वच्छता रंगोली व स्वच्छता दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा तहत जिले मे गुरूवार 25 सिंतबर को मेगा स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सुबह 7 से 9 बजे तक प्रत्येक ग्राम, शहर के नदी घाटतालाब घाट की संपूर्ण सफाई कर कम से कम एक पौधा रोपा जाएगा।

जिले के सभी नागरिकों के घर आंगन व द्वार के सामने स्वच्छता रंगोली और सभी ग्राम-शहर के नदी, तालाब घाट पर शाम 6 बजे रंगोली सहित स्वच्छता दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम में 500 और प्रत्येक शहर में 5 हजार दीपक जलाए जाएंगे। जिला स्तरीय आयोजन रानी रश्मिदेवी सिंह जलाशय में होगा जहॉ आकर्षक रंगोली के साथ एक साथ पांच हजार स्वच्छता दीप जलाया जाएगा। जिला प्रशासन अनुसार प्रत्येक घर में 20 दीपक के हिसाब से जिले के अनुमानित 80 हज़ार घरों में 16 लाख, ग्राम पंचायतों में 1 लाख 10 हजार 500, नगरीय निकायों में 15 हजार और जिला स्तरीय आयोजन के 5 हजार दीपक मिलाकर कुल 17 लाख 30 हजार 500 स्वच्छता दीपक एक ही दिन में जलाया जाएगा इसके अलावा अलावा हॉस्टल, स्कूल, कॉलेज, दुकान आदि में भी दीपक जलाकर जिला में स्वच्छता का मेगा संकल्प लिया जाएगा।

### मंगलानंद झा बने संगीत विवि शिक्षक संघ अध्यक्ष



**खैरागढ़।** इंदिरा कला संगीत विवि के शिक्षक संघ अध्यक्ष पद पर प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर मंगलानंद झा निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। संगीत विवि के संविधान दिनांक 16 मार्च 1989 की कंडिका 10 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार 25-26 के लिए संघ के पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है, जिसमें डॉक्टर मंगलानंद झा अध्यक्ष, वेंकट रमन गुड़े वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ दिवाकर कश्यप कनिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ छगेंद्र उसेंडी सचिव, डॉक्टर शेख मेदिनी होम्बल सह सचिव, डॉक्टर दीपशिखा पटेल कोषाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए हैं। इसके पूर्व डॉक्टर मंगलानंद झा शिक्षकसंघ के सचिव पद पर काम कर चुके हैं। विवि परिवार ने सभी निर्वाचित पदाधिकारीयों को संघ हित में कार्य करते हुए उन्नति की कामना साथ बधाई दी हैं।

## कैबिनेट मंत्री का स्वागत



**खैरागढ़।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा व रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का जिले में प्रथम आगमन पर भाजपाईयो ने भव्य स्वागत किया। मंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंचे श्री साहेब का कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने गंडई, छुईखदान और खैरागढ़ में किया। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ और मालाओं से मंत्री का अभिनंदन किया और उनके नेतृत्व में जिले के विकास की अपार संभावनाओं पर विश्वास जताया। स्वागत से अभिभूत मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे लगातार जिले में आते रहेंगे और यहां के हर विकास कार्य पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वे विधानसभा के छाया विधायक विक्रांत सिंह के साथ मिलकर क्षेत्र की समस्याएं मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों को एकमुश्त अंतर की राशि देने का काम भाजपा सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से गरीब परिवारों का पक्का मकान का सपना साकार हुआ है। साथ ही हर महीने महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को एक हजार रुपए प्रदान किया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार क्षेत्र के हर नागरिक के हित में कार्य कर रही है और आने वाले समय में जिला प्रदेश के विकास मानचित्र पर एक नई पहचान बनाएगा। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू, पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, टीके चंदेल, जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी, पुष्पा वर्मा, दिनेश वर्मा, ललित चोपड़ा, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, अरुणा सिंह बनाफर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी, देवीन कोठले, अनिल अग्रवाल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, चंदू वर्मा, लखनलाल साहू, कोमल वर्मा, चंद्रकांत जायसवाल, भावेश कोचर, देवकुमार सेन, पिव मोर्चा जिलाध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा, आकेश बर्मन, श्यामसुंदर साहू, दिलेश्वर यदु सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समूह की महिलाएं खोल रही गांव में तरक्की की राह : विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ जिला पंचायत में दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन



दीदियों की कहानी, उन्हीं की जुबानी कार्यक्रम अंतर्गत जिपं कार्यालय में दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहॉ स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने जीवन संघर्ष, आत्मनिर्भरता और सामाजिक बदलाव की कहानियां साझा की।

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि स्व-सहायता समूह की महिलाएं आज न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि समाज को भी दिशा देने का कार्य कर रही हैं। इनकी भागीदारी गांव की तरक्की का रास्ता खोल रही है। स्वच्छता के प्रति इनका योगदान सराहनीय है और यह आंदोलन तभी सफल होगा जब प्रत्येक नागरिक इसमें सहभागी बने। जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन हमेशा उनके साथ खड़ा है और आगे भी हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जिपं सदस्य भुनेश्वरी देवांगन, सभापति ललित चोपड़ा, दिनेश वर्मा, अरुणा सिंह बनाफर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। दीदी के गोठ कार्यक्रम के माध्यम से न केवल महिलाओं को अपनी बातों को रखने का अवसर मिला वही उनके अनुभवों से अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा मिली है। महिलाओं मे आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करने की दिशा में कार्यक्रम सार्थक पहल साबित हुआ। इस दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए स्वच्छता शपथ के साथ यह संदेश दिया कि स्वच्छता महज अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है।

### नेता प्रतिपक्ष बदलने की बात गलत : देवांगन



**खैरागढ़।** नगर पालिका परिषद में कांग्रेस संगठन द्वारा नेता प्रतिपक्ष बदले जाने की खबर को दीपक देवांगन ने कोरी अफवाह और नियम विरूद्ध बताया है। उन्होने कहा कि उनको हटाने के संबंध मे शहर कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा पार्षदो की बैठक नहीं बुलाई गई बल्कि घर घर जाकर हस्ताक्षर कराया गया है। बैठक संबंधी कोई जानकारी उनको नहीं दी गई और पत्र मे हस्ताक्षर करने वालो कांग्रेस पार्षदों ने भी बैठक से इंकार किया है। दीपक देवांगन ने कहा कि एक महिला पार्षद से कोरे लेटर पैड पर घर जाकर हस्ताक्षर करवाया गया है। नपा में कांग्रेस पार्षदो से तालमेल नही होने की बात को लेकर कहा कि उन्हे हटाने वाले पहले अपने गिरहबान मे झांककर देखे कि उन्होंने कब कहा जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया है। उनका कहना है कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर प्रतीकात्मक धरना प्रदर्शन करने वाले नेताओं को उन्हें हटाने का अधिकार ही नही है। संगठन चलाने वाले भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल में जनहित से जुड़े विषयों को लेकर एक बार भी विरोध प्रदर्शन तो दूर बयान जारी करने से बचते रहे है। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि उनकी जानकारी के बिना बैठक कर दीपक देवांगन को हटाने की घोषणा अनुचित है। वर्तमान में दीपक देवांगन ही नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष का दायित्व संभालेंगे। वही दीपक देवांगन ने कहा कि जनता जानती है कि वो लगातार शहर के विभिन्न मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे है। जनहित, विकास और आम जनता की आवाज उठाने मे कभी पीछे नही रहे, लेकिन कुछ कतिपय कांग्रेस नेता अपनी गिरती लोकप्रियता को स्वीकार करने की बजाए जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं की जड़ खोदने में लगे है यह कांग्रेस पार्टी के लिए बेहतर संकेत नही है। उन्हें सिर्फ इसलिए हटाने की बात की जा रही है कि वो विधायक के कट्टर समर्थक है और कांग्रेस के लिए काम करते है। शहर अध्यक्ष विधायक से अपने मतभेदो के चलते बेवजह कांग्रेस की साख गिराने मे लगे है। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण को लेकर वो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जांच की मांग करेंगे।

### छुईखदान में नौ रत्नों का सम्मान और अभा कवि सम्मेलन

# महंत बने महाराजा पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

स्थानीय मंगल भवन छुईखदान में बीती रात नरेश कुमार स्वामी निंबार्क की ऐतिहासिक पुस्तक महंत बने महाराजा का विमोचन किया गया। इस अवसर पर नौ रत्नों का सम्मान और अभा कवि सम्मेलन का यादगार आयोजन हुआ।

समारोह की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रानी नम्रता देवी वैष्णव, अध्यक्षता कर रहे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर वैष्णव और विशिष्ट अतिथि बैरागी समाज के अध्यक्ष देवराज किशोर वैष्णव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सुदूर रामनगर गन्नौर सोनीपत (हरियाणा) के नरेश कुमार स्वामी निंबार्क की पुस्तक महंत बने महाराजा का विमोचन किया गया। पुस्तक के लेखक श्री निंबार्क ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि भारत की 562 रियासतों में केवल दो रियासत छुईखदान और राजनांदगांव में ही बैरागी राजाओं ने राज्य किया था। उन्होंने इस किताब में दोनों बैरागी रियासत का वर्णन किया है। बैरागी समाज और नई पीढ़ी के लिए यह एक उपयोगी किताब होगी। पुस्तक के संपादक प्रमोद रामावत प्रमोद (नीमच) ने कहा कि श्री निंबार्क ने एक सैनिक के रूप में बंदूक लेकर भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दी है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रानी नम्रता देवी ने कहा कि श्री निंबार्क ने छुईखदान रियासत के इतिहास पर पुस्तक लिखकर महत्वपूर्ण कार्य किया। इस पुस्तक का छुईखदान में विमोचन होना राज परिवार के लिया गर्व की बात है। गिरिराज किशोर वैष्णव ने बताया कि महंत रूपदास ने 1750 में छुईखदान रियासत की स्थापना की थी। उन्होंने महंत बने महाराजा के पुस्तक लेखक नरेश कुमार स्वामी निंबार्क को बधाई दी। विशेष अतिथि देवराज किशोर वैष्णव ने नगर में आयोजित इस अनूठे साहित्यिक कार्यकम की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के सह संयोजक जय जगन्नाथ सेवा समिति छुईखदान द्वारा कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों और कवियों को हिंदी साहित्य समिति छुईखदान द्वारा प्रकाशित नगर के कवियों और लेखकों की साहित्यिक कृतियां, अंगवस्त्रम और नगर की पहचान पान का बीड़ा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सज्जाक खान, प्रेरणा के अध्यक्ष अशोक चंद्राकर, सचिव शरद श्रीवास्तव, जय जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आदित्यदेव वैष्णव, डॉ भद्र, विजय दुबे कमलेश यादव प्रेम श्रीवास साहित्य साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।



#### इनका हुआ सम्मान

पुस्तक के लेखक नरेश कुमार स्वामी निंबार्क ने साहित्य एवं समाजसेवा में सक्रिय प्रमोद रामावत प्रमोद, लखन लाल वैष्णव, मधु किशोरी वैष्णव, अभा वैष्णव ब्राह्मण समाज छग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जितेंद्र किशोर वैष्णव, राज्य पुरस्कार से अलंकृत शायर अब्दुस्सलाम कौसर, राष्ट्रीय कवि संगम के महामंत्री महेश शर्मा, नई कविता के सशक्त हस्ताक्षर मुन्ना बाबू, लेखक और पत्रकार वीरेन्द्र बहादुर सिंह, बैरागी समाज छुईखदान के अध्यक्ष देवराज किशोर वैष्णव को नवरत्न सम्मान प्रदान किया। कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया।

#### विशेष सम्मान

अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण समाज छग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जितेंद्र किशोर वैष्णव ने अपनी ओर से तीन साहित्यकारों का सम्मान किया। जिनमें महंत बने महाराजा के लेखक नरेश कुमार स्वामी निंबार्क, प्रख्यात राष्ट्रीय कवि और संपादक प्रमोद रामावत प्रमोद और ऐतिहासिक पुस्तक छुईखदान परत दर परत के लेखक वीरेन्द्र बहादुर सिंह शामिल थे। तीनों साहित्यकारों को स्मृति प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

#### इन कवियों ने किया काव्य पाठ

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रमोद रामावत, शायर अब्दुस्सलाम कौसर, महेश शर्मा, मुन्ना बाबू, नरेश कुमार स्वामी निंबार्क, अनुराग किशोर सक्सेना, वीरेन्द्र बहादुर सिंह और युवा कवि भावेश देशमुख ने काव्यपाठ किया।कार्यक्रम में छुईखदान नगर संहित क्षेत्रवासियों ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। जिसमें हेमंत वैष्णव, दीपक वैष्णव, कमल किशोर दास, विप्लव साहू, मानिक श्रीवास, शुभम चंद्राकर, गजेंद्र ठाकरे, राजकुमार वैष्णव सहित नागरिक गण उपस्थित थे।

समक्ष : न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय, अनुभाग-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ता धनंजय वैष्णव DHANANJAY VAISHNAV आ.संजय वैष्णव (SANJAY VAISHNAV) उम्र 18 वर्ष, जाति बैरागी, निवासी ग्राम डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूँ।

मेरे आधार कार्ड में मेरा स्वयं का पुरा नाम धनंजय कुमार संजय वैष्णव (DHANANJAY KUMAR SANJAY VAISHNAV) दर्ज है। मेरे स्वयं के शैक्षणिक प्रमाण पत्र कक्षा दसवीं में धनंजय वैष्णव (DHANANJAY VAISHNAV) आ. संजय वैष्णव (SANJAY VAISHNAV) दर्ज है। मैं मेरे स्वयं का गलत नाम धनंजय कुमार संजय वैष्णव (DHANANJAY KUMAR SANJAY VAISHNAV) के स्थान पर सही नाम धनंजय वैष्णव (DHANANJAY VAISHNAV)

आ.संजय वैष्णव (SANJAY VAISHNAV) दर्ज करवाना चाहता हूँ। इसलिए भविष्य में मुझे सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों में मेरे सही नाम धनंजय वैष्णव आ.संजय वैष्णव से जाना व पहचाना जावें।

शपथकर्ता
**धनंजय वैष्णव**
डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

## लोगों को गर्मी एवं उमस से थोड़ी मिली राहत

# धान की फसल के लिए जीवन दायिनी साबित हुई तेज बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के चलते क्षेत्र में शनिवार की दोपहर से रात तक तेज हवा और गर्जना के साथ बारिश हुई। यह बारिश धान फसलों के लिए जीवन दायिनी साबित हुई है।

तेज तापमान से पौधों में लग रही विभिन्न बिमारियों से राहत मिलने की संभावना बढ़ गई है। तेज हवा ने हरूना धान, जिनकी बालियां निकल आई है के लिए परेशानी खड़ा कर दिया है। किसानों ने बताया कि धान के पौधे बड़े होने के कारण तेज आंधी में पौधे गिर गए है जिससे उत्पादन प्रभावित हो सकता है। रोसड़क अतरिया, खैरा नवापारा, कुकुरमुड़ा, खैरबना आदि गांव में एक बड़े रकबा का धान आंधी में गिर गया है। जिसकी बेहतर पकने की कम उम्मीद है।



### दलहन तिलहन को नुकसान

वर्तमान में और अधिक बारिश होती है तो दलहन तिलहन फसल प्रभावित होने की आशंका है। किसानों ने बताया कि सोयाबीन, उड़द, मुंग की फसल पक कर तैयार हो रहा है। कुछ समय बाद इन फसलों की कटाई शुरू हो जाएगी। ऐसे समय पर अधिक बारिश होती है तो बरसाती पानी खेतों में भर जायेगा और फसल खराब हो सकती है।

### रोगों पर अंकुश

वही दूसरी ओर यह बारिश खरीफ फसल के लिए काफी फायदेमंद बताया जा रहा है। किसानों ने बताया बारिश के लम्बे अंतराल के चलते तापमान काफी बढ़ गया था। तथा अल्प व खंड वर्षा चलते खेत सुख गया था। जिससे धान के पौधों में माहू, ब्लास्ट, तना छेदक, फंगी साइट आदि बीमारी पौधों को नुकसान पहुंचा रहा था। बारिश के बाद तापमान में कमी आई है। तथा खेतों में भी पर्याप्त पानी का भराव हो गया है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि पौधों में लग रहें बीमारी से राहत मिलेगी।



## कैबिनेट मंत्री का स्वागत

**खैरागढ़।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा व रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का जिले में प्रथम आगमन पर भाजपाईयो ने भव्य स्वागत किया। मंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंचे श्री साहेब का कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने गंडई, छुईखदान और खैरागढ़ में किया। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ और मालाओं से मंत्री का अभिनंदन किया और उनके नेतृत्व में जिले के विकास की अपार संभावनाओं पर विश्वास जताया। स्वागत से अभिभूत मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे लगातार जिले में आते रहेंगे और यहां के हर विकास कार्य पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वे विधानसभा के छाया विधायक विक्रांत सिंह के साथ मिलकर क्षेत्र की समस्याएं मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों को एकमुश्त अंतर की राशि देने का काम भाजपा सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से गरीब परिवारों का पक्का मकान का सपना साकार हुआ है। साथ ही हर महीने महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को एक हजार रुपए प्रदान किया जा रहा है।

# लंबित गन्ना फसल का भुगतान नहीं ग्रामीण किसान चिंतित और परेशान

- दशहरा, दीपावली त्यौहार के पहले किसानों की लंबित भुगतान किया जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



पंडरिया स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना में किसानों द्वारा बेचे हुए गन्ना फसल की भुगतान के लिए लगातार मांग कर रहे हैं एवं धरना प्रदर्शन किसानों द्वारा दिया जा रहा है, लेकिन आज पर्यन्त तक गन्ना फसल की लंबित राशि का भुगतान नही किया गया। जिस पर ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा नवरात्रि व दशहरा पर्व त्यौहार में किसानों को पर्याप्त मात्रा में पैसे की आवश्यकता होती है। वहीं जल्द से भुगतान की मांग की गई।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्रामीण किसान अधिक दामों में यूरिया खाद खरीदने मजूबर तथा इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। वहीं गन्ना किसानों की लंबित राशि का भुगतान नही होने से पैसा उधार तथा अधिक दामों में ब्याज पर खाद खरीद रहे है। साथ ही साथ वर्तमान में त्यौहारों का सीजन लगातार गणेशोत्सव, पितृपक्ष, नवरात्रि व दशहरा पर्व में किसानों को पर्याप्त मात्रा पैसे की आवश्यकता होती है, जिस पर क्षेत्रवासी ग्रामीण किसानों ने शासन प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द गन्ना फसल की लंबित राशि का भुगतान किया जाने की अपील की गई। जिससे नवरात्रि, दशहरा व दीपावली पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सकें। ग्रामीणों ने बताया कि बड़ी मेहनत व खून-पसीना एक कर एक-एक पैसे के लिए मेहनत करते रहते हैं एवं फसल उगाते हैं वहीं आज अपने मेहनत से कमाए हुए गन्ना फसल के पैसा के लिए किसान मोहताज है वहीं ग्रामीण किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है।


## ग्राम रूसे में 23 को जगराता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम रुसे में आज जगराता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल होगी। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में द्वितीय दिवस 23 सितंबर को मण्डल कुण्डा स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सौजन्य से रूसे में सुप्रसिद्ध लोक गायक पं विकेक शर्मा द्वारा जगराता की प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को लेकर तैयारियों जोर शोर से किया जा रहा है। वहीं आसपास क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

## मां महामाया, शीतला मंदिर कोलेगांव में आस्था की ज्योति-ज्वांरा कलश प्रज्जवलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम बसनी, घोरपेंड्री, धनेली, भगतपुर, पीपरमाटी, मोहतरा कला, कंझेटा, अ म ली मा ल गी , कुआमालगी, कुण्डा, दामापुर क्षेत्र में मां महामाया व शीतला मंदिर में आस्था के ज्योत ज्वांरा कलश प्रज्जवलित किया गया। बताया जाता है कि ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मां महामाया मंदिर में ज्योति कलश प्रज्जवलित कर गांव में सुख, शांति व समृद्धि के लिए ज्योति कलश प्रज्ज्वलित एवं मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान किया गया। जिस पर ग्रामीण भक्तजनों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के लिए एक हफ्ता पहले से मंडप तैयार किया जा रहा था, जिसमें ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। नवरात्रि हिंदुओं के प्रमुख त्यौहारों में से एक है, नवरात्रि को पूरे देश प्रदेश में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मां दुर्गा की उपासना कर नौ दिनों तक श्रद्धालुओं व भक्तों द्वारा मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगें। जिसमें ग्राम आचार्य प्रशांत शर्मा, पवन शर्मा, दिनेश पाण्डेय, विनय शर्मा, उपसरपंच सुरेश धुर्वे, सरपंच मणि निषाद, शिवसिंह चौहान, सेवक दिलीप, चौहान, शत्रुहन गोस्वामी, पुजारी महासिंह, चौहान रामावतार साहू, भगवानी साहू, शत्रुहन साहू, सुखनंदन साहू, आकाश यादव एवं समस्त ग्रामवासी कोलेगांव के सहयोग से किया जा रहा है।

# जिला पंचायत सीईओ के आदेश की अवहेलना, ग्रामीणों ने की शिकायत

## सचिव ने तीन महीने बाद भी नहीं सौंपा प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



वनांचल क्षेत्र के ग्राम शिवनी कला में पदस्थ सचिव जगेश्वर पटेल द्वारा जिला पंचायत सीईओ के आदेश की अवहेलना का मामला सामने आया है। सीईओ अजय त्रिपाठी द्वारा 13 जून 2025 को सचिव जगेश्वर पटेल का स्थानांतरण कर उन्हें ग्राम राजाढार का प्रभार सौंपा गया था, जबकि शिवनी कला का कार्यभार सचिव गौकरण चन्द्रवंशी को सौंपने का निर्देश जारी किया गया था। लेकिन आदेश जारी हुए तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी सचिव जगेश्वर पटेल ने न तो अपने स्थानांतरण आदेश का पालन किया है और न ही नवीन सचिव को प्रभार सौंपा है। इससे गांव के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी कार्यो के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बताया गया कि वर्तमान में सचिव जगेश्वर पटेल का पूर्ण प्रभार राजाढार में है, इसके बावजूद वे शिवनी कला में बने हुए हैं। ग्रामीणों की मांग है कि तत्काल प्रभाव से सचिव गौकरण चन्द्रवंशी को प्रभार सौंपा जाए, जिससे गांव में लंबित कार्यो का त्वरित निराकरण हो सके। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मरावी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह पूर्ण रूप से गलत है कि आदेश के 3 महीने बाद भी नए सचिव को प्रभार नहीं सौंपा गया है। वहीं जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह के भीतर नवीन सचिव को प्रभार सौंपने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

## शाला भगतपुर में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर के छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा जन समुदाय द्वारा मां दुर्गा मंच, हनुमान मंदिर, बाजार चौक पर साफ सफाई करते हुए स्वच्छता अभियान के तहत जल संरक्षण एवं कचरा प्रबंधन आदि का प्रचार-प्रसार किया गया। इस अभियान में राकेश चंद्रवंशी, गोलु, प्रधान पाठक श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, शिक्षिका श्रीमती शकुंतला यदु एवं राजकुमारी तांती सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## जनपद सदस्य अश्वनी यदु की सेवाभावना बनी मिसाल एम्बुलेंस सेवा को जनता ने सराहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



पंडरिया जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 16 में सेवा का ऐसा उदाहरण देखने को मिला जिसने सभी को भावुक कर दिया। यहां के जनपद सदस्य अश्वनी यदु पिछले पांच वर्षो से लगातार एम्बुलेंस व शव वाहन सेवा के माध्यम से लोगों की निःस्वार्थ मदद कर रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि कई बार ऐसी परिस्थितियां आई जब लोग शव वाहन चलाने से भी कतराते हैं, लेकिन अश्वनी यदु ने खुद स्टेयरिंग थामकर शोकाकुल परिवारों तक शव को पहुंचाने का कार्य किया। कोदवा निवासी एक युवक ने बताया कि हाल ही में उनके घर की बुजुर्ग दादी का निधन सुबह 5 बजे हुआ था। सूचना मिलते ही अश्वनी यदु स्वयं शव वाहन लेकर पहुंचे और पूरे सम्मान के साथ शव को घर तक पहुंचाया। इतना ही नहीं, कई अवसरों पर उन्होंने पेड़ पर फांसी लगे शवों को उतारने से लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाने तक का कठिन कार्य भी स्वयं किया है।

क्षेत्रीय युवाओं का कहना है कि यह सेवा सिर्फ जनपद क्षेत्र तक सीमित नहीं रही, बल्कि आसपास के गांवों के लोग भी समय-समय पर इसका लाभ ले रहे हैं। मौहामड़वा निवासी एक युवक ने कहा कि हमारा गांव उनके जनपद क्षेत्र में नहीं आता, फिर भी जब भी जरूरत पड़ी, श्री यदु तुरंत एम्बुलेंस लेकर पहुंचते है। जनता का कहना है कि राजनीति करने वालों को ऐसे ही सेवा कार्यो से प्रेरणा लेनी चाहिए। अश्वनी यदु की कार्यशैली और तत्परता के कारण लोग उन्हें अपने परिवार का सदस्य मानते हैं और उनके प्रति आत्मीयता और स्नेह रखते हैं।

## सम्मान, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता की नई पहचान बनी आवास हितग्राही दुवास बाई

**हरिभूमि कवर्धा।** मूलभूत आवश्यकताओं रोटी एवं कपड़ा के बाद आवास सबसे महत्वपूर्ण है। सभी व्यक्तियों के जीवन का सपना होता है कि उसका अपना खुद का घर हो। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आवास बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। साथ ही साथ शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना एवं अन्य योजनांओं के अभिशरण से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। ऐसा ही एक परिवर्तन जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत पलानसरी में भी देखने को मिली। जहां पर 57 वर्ष की दुवास बाई अपने पति की मृत्यु के उपरांत अपने पुत्र एवं पुत्रवधू के साथ निवास करती है। दुवास बाई ने कभी पक्का और सुरक्षित आवास की परिकल्पना भी नहीं की थी। लेकिन अब उनके जीवन मे ये संभव हुआ है। दुवास बाई के सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के द्वारा आकर मिला। शासन की इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये श्रीमती दुवास बाई का नाम आवास प्लस 2018 की पात्रता सूची में शामिल था। आर्थिक स्थिति को देखकर वर्ष 2024-25 में आयोजित ग्राम सभा में इनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हेतु सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित कर लाभांवित करने का फैसला हुआ। अविलंब इनके लिए आवास की स्वीकृति कर दी गई। जनपद पंचायत इनके खाते में ऑनलाइन राशि किया गया। आर्थिक सहायता मिलता गया और घर बनता गया। आवास निर्माण की प्रगति के आधार पर राशि का हस्तानांतरण सीधे श्रीमती दुवास बाई के खाते में होता रहा । जिससे इनको आर्थिक रूप से सहायता प्राप्त हुई साथ ही साथ रोजगार गारंटी योजना में 90 दिवस का मजदूरी भुगतान भी प्राप्त हुआ। पक्के मकान के साथ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत 12,000 की लागत से शौचालय भी बन गया। लेकिन दुवास बाई के जीवन में अभी और भी सुखद समय आना बाकी था क्योंकि अन्य योजनाओं के अभिशरण से बहुत सी मूलभूत जरूरतों को पूरा होना था। जैसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना से घर में बिजली का कनेक्शन निःशुल्क मिल गया और घर के हर कमरे रौशन है। स्वच्छ इंधन के रूप में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत सिलेंडर एवं गैस चूल्हा भी मिला है। गैस चूल्हा मिल जाने से अब चूल्हें के हानिकारक धुंए से मुक्ति मिल गई और समय बे समय खाना पकाने का साधन घर में उपलब्ध है। दुवास बाई को 1000 रूपये महतारी वंदन के रूप में आर्थिक लाभ मिल रहा है। अभी तक कुल 16,000 रुपए महतारी वंदन की राशि इनके खाते में मिल गया है। दुवास बाई जैसे जरूरतमंद महिला को खाद्य विभाग से राशन कार्ड मिलना भी किसी बड़े सहारा से कम नही। राशन कार्ड से इन्हें चावल, गेंहु ,शक्कर,मटर,नमक जैसे रोजमर्रा की जरूरतो की खाद्य सामाग्री बहुत ही कम दर पर मिलने लगी है।

## नवरात्रि पर बाल भिक्षावृत्ति रोकने के लिए अभियान, बच्चों को दिलाई जाएगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नवरात्रि के दौरान देवी मंदिरों में बढ़ती भीड़ के बीच कई बच्चे भिक्षावृत्ति में लिप्त पाए जाते हैं इसे रोकने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आम जनता से अपील की गई है कि वह किसी भी बच्चे को भीख मांगते दिखे तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें। जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी चंचल यादव के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्प लाइन और विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त टीम द्वारा नवरात्रि के पावन में शहर के मंदिर, देवालय दुर्गा पंडालों व परिसरों का भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान टीम ने भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की पहचान कर उसके पुनर्वास के लिए योजना बनाई जा रही है। माता-पिता और अभिभावकों को समझाइश दिया गया कि वह बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करें और भिक्षा मांगने के लिए मजबूर ना करें, श्रद्धालुओं को भी जागरूक किया गया कि वह बच्चों को भिक्षा देने की बजाय उसकी पढ़ाई और पुनर्वास में सहयोग करें। संयुक्त टीम द्वारा स्थानीय पुलिस और समाज, सभी संगठनों के साथ मिलकर मंदिर परिसरों के अलावा बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी भ्रमण किया जा रहा है। आम जनता से अपील की गई कि अगर वह किसी बच्चे को भिक्षावृत्ति करते देखे तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें। किशोर न्याय (बालको की देखरेख संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 76 के अनुसार, जो कोई व्यक्ति किसी बच्चे का वास्तविक प्रभार अथवा नियंत्रण रखता है और उसे भीख मंगवाने के लिए नियोजित करता है, वह पांच वर्ष तक के कारावास और एक लाख रूपए तक के जुर्माने से दंडनीय है।

### सिंदूर महाआरती में माताओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील

## श्री आदिशक्ति दुर्गापूजा के दरबार मे होगा मां हरसिद्धि श्री महाकाल का आगमन, माता हरसिद्धि मंदिर का बना पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी श्री आदिशक्ति दुर्गा पूजा परिवार द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन होना है। जिसमें श्री आदिशक्ति दुर्गा पूजा परिवार के मुख्य पुजारी स्वपनिल उपाध्याय ने बताया कि श्री आदिशक्ति दुर्गापूजा परिवार मजगांव रोड की ओर से लगातार 9 वर्षो से भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। सबसे अलग पूजा के विधान के नाम से इस दुर्गा पूजा को जाना जाता है। 2017 से प्रारम्भ हुए दुर्गा पूजा में सबसे पहले मां दुर्गा, 2018 में माता पार्वती, 2019 में मां त्रिपुरसुंदरी, 2020 में मां महागौरी, 2021 में श्री अर्धनारीश्वर, 2022 में माता शर्वाणी, 2023 में माता रुद्राणी, 2024 में मां कामाक्षी की भव्य प्रतिमा रखी गई और इस वर्ष शारदीय नवरात्र 2025 में उज्जैन शक्तिपीठ माता हरसिद्धि और ज्योतिर्लिंग श्री महाकाल जी की अद्भुत मूर्ति को रखा जा रहा है।

इस बार दुर्गा पूजा की सबसे बड़ी बात ये है कि माता हरसिद्धि और बाबा महाकाल की भव्य प्रतिमा एक साथ विराजने जा रही हैं। वही प्रथम बार कवर्धा में माता हरसिद्धि मंदिर उज्जैन का पंडाल बनाया जा रहा है। इस वर्ष 22 सितंबर से दुर्गापूजा के प्रथम दिन नववेदी पूजन, प्राण-प्रतिष्ठा समारोह किया जाएगा। वही 25 सितंबर तृतीया पर रात्रि 12 बजे महानिशा पूजा, 27 सितंबर पंचमी पर बाबा महाकाल की भस्म आरती तथा भव्य फूलों से माता रानी का अर्चन किया जाएगा। 28 सितंबर षष्ठी को महासुहागन पूजा और 29 सितंबर सप्तमी को इस दुर्गापूजा की बसे बड़ी पूजा सिंदूर दान व सिंदूर की महाआरती किया जाएगा। 30 सितंबर अष्टमी को हवन, कन्या भोज, 01 अक्टूबर को महानवमी पर विसर्जन पूजा तथा 03 अक्टूबर को माता जी की विदाई का कार्यक्रम किया जाएगा।

वहीं सिंदूर महाआरती पर माताओं को सिंदूर महाआरती में शामिल होने आमंत्रित किया गया। वहीं दुर्गा पूजा को भव्य बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष अभिनव तिवारी, संरक्षक डेविड खत्री, प्रकाश देवांगन, समिति आचार्य सुमित भारद्वाज, उपाध्यक्ष दीपक चन्द्रवंशी, देवा चन्द्रवंशी, सचिव संतोष झारिया, बृजमोहन कुंभकार, सूर्या झरिया, सह सचिव हेमंत साहू व महिला समिति सहित समस्त नगरवासी एवं मोहल्लेवासियों का विशेष सहयोग रहा।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### सतनामी समाज की बैठक आयोजित

**कवर्धा।** ग्राम भालूचूवा में सोमवार को सतनामी समाज की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सैकड़ों ग्रामीण, युवा साथी, समाज के वरिष्ठजन, महंतगण और महिला महंतगण शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुषमा गणपत बघेल ने समाज की प्रगति और युवा पीढ़ी की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा और नशा मुक्ति समाज के उत्थान के लिए सबसे जरुरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना और आने वाली पीढ़ी को सही दिशा में मार्गदर्शन देना हम सभी की जिम्मेदारी है। समाज तभी मजबूत होगा जब हम शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरुकता को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ महंतगण और राज महंतगणों ने बाबा साहब के बताए हुए सतमार्ग पर चलने और समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास और नशा जैसी बुराई को दूर करने का आह्वान किया। बैठक में प्रमुख रूप से रामप्रसाद, मनोज बंजारे, मिथलेश बंजारे, हीरो जांगड़े, युवराज, अरविंद पात्रे, ग्राम पंचायत के सरपंच और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### निधन

#### सुभाष चंद चोपड़ा



**कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं अरिहंत ज्वेलर्स सराफा लाईन कवर्धा के संचालक सुभाष चोपड़ा का 22 सितम्बर की रात्रि करीब 2.00 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों, नगरवासियों, व्यवसायियों तथा परिजनो ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सुभाष चंद चोपड़ा स्वर्गीय फतेचंद चोपड़ा के सुपुत्र है। उनके निधन से नगर में शोक व्याप्त है।

# श्रद्धा भक्ति के साथ नवरात्रि प्रारंभ, पण्डालों में दुर्गा प्रतिमाएं तो मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शक्ति की भक्ति का पर्व नवरात्र सोमवार को विधिवत पूजा, अर्चना, घट स्थापना, मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलन एवं मां जगत जननी की स्थापना के साथ प्रारंभ हो गया। नवरात्र पर्व प्रारंभ होने के साथ ही नगर के देवी मंदिरों में आस्था और विश्वास के मनोकामना ज्योतिकलश जगमगाने लगे हैं। वहीं दुर्गोत्सव समीतियों द्वारा कड़ी मेहनत के बाद तैयार किए गए भव्य पण्डालों में दुर्गा प्रतिमाएं भी स्थापित की गई। गौरतलब है कि सोमवार 22 अक्टूबर को क्वांर नवरात्र का पर्व पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ प्रारंभ हो गया है। नवरात्र पर्व के पहले दिन से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ भी जुटने लगी है। नवरात्र पर्व के पहले दिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में नगर के मां विंधवासनी मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां शीतला मंदिर, मां काली मंदिर, मां संतोषी मंदिर, मां दंतेश्वरी मंदिर, मां सतबहनिया मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां चण्डी मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर, मां सिंहवाहनी मंदिर सहित दूसरे देवी-देवाताओं के मंदिरों में पहुंचकर आशिर्वाद लिया। वहीं नवरात्र पर्व के पहले दिन नगर की छोटी बड़ी दुर्गोत्सव समितियों द्वारा आकर्षक पण्डालों में विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां के विभिन्न रूपों की प्रतिमाएं स्थापित की गई। दुर्गोत्सव समितियों द्वारा सुबह से ही मूर्तिकारों के यहां से मूर्तियों को पण्डालों तक लाने का क्रम शुरू हो गया था। समिति के सदस्य अपनी सुविधा के हिसाब से हांथ ठेला, ट्रैक्टर, टेम्पो जैसे वाहनों में मां दुर्गा की प्रतिमा रखकर बैंड बाजे के साथ नाचते गाते प्रतिमाओं को पण्डालों तक ले जाते देखे गए। जहां उन्होंने पंडितों से विधिवत पूजा अर्चना कराकर मंत्रोच्चार के बीच दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना कराई। यह सिलसिला देर रात चलते रहा। दूरदराज की दुर्गोत्सव समितियों ने सुविधा की दृष्टि से एक दिन पूर्व ही प्रतिमाओं ले जाना शुरू कर दिया था। कुल मिलाकर गुरूवार से नवरात्र पर्व की रौनक नगर सहित आसपास के अंचल में दिखाई देने लगी है। उम्मीद की जा रही है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र पर्व पूरे अंचल में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा। पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा की कमान सम्भाल ली है। जगह-जगह पुलिस जवानों की तैनाती शुरू कर दी गई है।



### सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम

नवरात्र पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा नगर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। नगर के प्रमुख मंदिरों व शक्तिपीठों के आसपास, नगर के प्रमुख चौक चौराहों तथा चिन्हांकित स्थानो में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। ताकि श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्र पर्व बगैर इसी व्यवधान के शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके। वहीं नवरात्र पर्व प्रारंभ होने साथ शहर में बढ़ी गहमागहमी को देखते हुए यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित किया जा रहा है।

## सवाल: आखिर सनातनी कब तक करेंगे सुरक्षा के साये में पूजा अर्चना

# क्या गारंटी है कि ग्राम कामठी में फिर नहीं उपजेगा विवाद?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कुकदूर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कामठी में कुछ लोगों द्वारा दुर्गा पण्डाल उखाड़े जाने के बाद उपजी विवाद और मारपीट की स्थिति को पुलिसिया हस्ताक्षेप के बाद शांत तो करा दिया है और तगड़ी सुरक्षा व्यव्स्था के बीच अब उसी स्थान पर पुनः दुर्गा पण्डाल बनवा दिया गया है जहां से उसे उखाड़ा गया था। इसी पुलिसिया सुरक्षा के साय में सनातनियों द्वारा नवरात्र पर्व की पूजा अर्चना भी प्रारंभ कर दी गई है।

लेकिन सवाल यह उठ रहा है की आखिर कब तक सनातनी पुलिसिया सुरक्षा के साय में अपनी श्रद्धा, भक्ति और आस्था का निर्वाहन करने मजबूर रहेंगे। गौरतलब है कि बीते दिनो ग्राम कामठी में नवरात्रि पर्व के अवसर पर धार्मिक विवाद गहराने से तनाव की स्थिति बन गई थी। स्थानीय मंदिर में अपना कब्जा बताने वाले कुछ लोगों द्वारा गांव में स्थापित दुर्गा पंडाल को उखाड़ फेंका गया। इस घटना से ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और उन्होंने जमकर विरोध किया। सूत्रों के अनुसार, मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई। इस दौरान दोनों ओर से धक्का-मुक्की और बल प्रयोग हुआ, जिसमें कई लोगों को चोटें आने की जानकारी मिली थीं।

हालात बिगड़ने पर जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया। जानकारी के मुताबिक ग्राम कामठी का शिव मंदिर लगभग 10वीं–11वीं शताब्दी का बताया जाता है। यह मंदिर स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र है, जहां वर्षों से हिंदू समाज पूजा-अर्चना करता आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों से सतरंगी झंडा समर्थक इस मंदिर पर अधिकार जताते हुए यहां नए नामकरण और देवी देवताओं की मूर्तियों को अपना प्रतीक चिन्ह बताते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ये लोग मंदिर परिसर में सतरंगी झंडा फहराते हैं और पारंपरिक सनातन पूजा-पद्धति का विरोध करते हैं। इसे लेकर सनातनी ग्रामीणों के बीच लगातार विवाद की स्थिति बनी रहती है। इसी साल की बात की जाए तो कई बार इस तरह का तनाव उत्पन्न हो चुका है। ऐसी ही एक घना के बाद स्वयं प्रदेश के गृह मंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने यहां पहुंचकर दोनो पक्षों को समझाईश दी थी और स्पष्ट कहा था कि यहां सभी धर्मो का सम्मान होना चाहिए और सभी को अपनी-अपनी आस्था के साथ पूजा अर्चना करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। लेकिन साफ है कि कुछ लोगों को नगवार है। यही वजह है कि नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही दुर्गा पंडाल की स्थापना को लेकर एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए।

### शासन-प्रशासन को दिखानी चाहिए दृढ इच्छा शक्ति



ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि शासन-प्रशासन सनातनियों को मंदिर में पूजा अर्चना करने और अपनी आस्था प्रकट करने से रोकने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है, आखिर क्यों उन्हें हर बार सिर्फ समझाईश देकर छोड़ दिया जाता है। माना जा रहा है कि शासन-प्रशासन की इसी दुलमुल कार्यवाही के चलते सनातनियों की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में बेहर यही होगा कि शासन-प्रशासन वोट बैंक की चाहत को दरकिनार कर दृढ इच्छाशक्ति के साथ उन लोगों पर वैधानिक कार्यवाही करे जो बेवजह का विवाद उत्पन्न कर सनातनियों की धार्मिक भावनों से खिलवाड़ कर रहे हैं।



# विपरीत मौसम में भी जिले में मूंगफल्ली जबरदस्त पैदावार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विपरीत मौसम के बावजूद इस वर्ष भी जिले में खरीफ की फसल के अंतर्गत आने वाली मूंगफल्ली की जबरदस्द पैदावार हुई है। जिसकी छलक इन दिनों बाजार में देखी जा सकती है। हालांकि किसानो की माने तो पैदावार अच्छी होने और बाजार में मूंगफल्ली की अच्छी आवक होने के कारण उन्हें अपेक्षा के अनुरूप फसल के दाम नहीं मिल पा रहें फिर भी जीत त्यौहारों में अपनी आर्थिक आवश्यकता को देते हुए फसल को निकाल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ वर्षो से अंचल के किसानो द्वारा खरीफ की फसल के अंतर्गत आने वाली मूंगफल्ली की खेती कर रहे हैं जिसमें उन्हें अच्छी सफलता भी मिल रही है। हर बार की तरह इस बार भी विपरीत परिस्थितियों में भी जिले में मूंगफल्ली की जबरदस्त पैदावार हुई है। मूंगफल्ली की पैदावार लेने वाले किसानो ने बताया कि इस समय फसल पक कर तैयार हो चुकी है और कई किसानो ने फसल की खुदाई भी प्रारंभ कर दी है। वहीं कुछ विलंभ से मूंगफल्ली की बोआई करने वाले किसान अभी कुछ समय और इंतजार करना बेहतर समझ रहे हैं। किसानो ने बताया कि इस साल फसल पकने के पूर्व अपेक्षा से ज्यादा बारिश हुई है ऐसे में किसानो को लग रहा था कि जमीन के नीचे मौजूद उनकी मूंगपल्ली की फसल बर्बाद हो गई है अथवा उत्पादन काफी कम होगा। लेकिन अब जब समय आने पर किसान इसकी खुदाई कर रहे हैं तो फसल देखकर उनके चेहरे खिले हुए हैं। लेकिन किसानो की माने तो अच्छी फसल होने के कारण बार में इन दिनो बड़ी मात्रा में मूंगफल्ली पहुंच रही है और उन्हे अपेक्षा के अनुरूप कीमत नहीं मिल पा रही है। किसानों ने बताया कि कवर्धा कृषि उपज मण्डी में नई फसल 60-65 रूपए प्रति किलो के भाव से बिक रही है। वहीं मण्डी की अपेक्षा खुले बाजार में इसकी कीमत करीब 80 रूपए है। व्यापारी फसल की गुणवत्ता को देखते हुए फसल की बोली लगा रहे हैं जिसके चलते किसान दिनभर का इंतजार और फिजूल खर्च से बचने तथा कुछ अतिरिक्त आमदनी के लिए खुले बाजार में ही अपनी फसल बेंच रहे हैं।

# स. लोहारा महाविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम किया गया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा



शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में 22 सितम्बर को रजत जयंती समारोह के अवसर पर महाविद्यालय में एक दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय विकसित छत्तीसगढ़ 2047 था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सौरव श्रीवास्तव महामंत्री भाजपा एवं उनके साथ ऋषभ शुक्ला एवं डीके वर्मा उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों के द्वारा माता सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री काजल साहू द्वारा किया गया। समस्त अतिथियों ने रजत जयंती कार्यक्रम के अवसर पर विकसित छत्तीसगढ़ 2047 संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी छात्र एवं छात्राओं को प्रदान किया। एक दिवसीय सेमिनार में छात्र-छात्रों ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक दीपक कुमार पटेल गौरव जयासवाल, सुश्री अंजू महोबिया, विवेक चौहान, डॉ. ज्योति चंद्रवंशी, डॉ. खिलेश्वरी चंद्रवंशी, डॉ. रुपेश कुमार वर्मा एवं महाविद्यालय के एनएसएस एनसीसी रेडक्रॉस एवं समस्त छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### अपर कलेक्टर डॉ. मोनिका को दी गई विदाई



**कवर्धा।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज अपर कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ों को स्थानांतरण अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उपस्थित होकर डॉ. कौड़ों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने डॉ. मोनिका कौड़ों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने कहा कि डॉ. मोनिका ने अपने सेवाकाल में जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों को निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया। उनकी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता ने जिला प्रशासन को नई दिशा दी है। कलेक्टर ने कहा कि डॉ. मोनिका कौड़ों ने जिस तरह से टीम भावना के साथ कार्य किया है, वह सभी के लिए प्रेरणादायी है। हम सभी उन्हें याद करेंगे और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, नरेंद्र पैकरा, एसडीएम चेतन साहू, डिप्टी कलेक्टर रुचि शार्दुल, सहायक आयुक्त एलपी पटेल, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पशुशेड निर्माण से गौपालन में मिली सफलता, आमदनी का बना नया रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुविधा एवं साधन विहीन ऐसे हितग्राही जो जीवन में आगे बढ़ने की ललक रखते है उनके लिए सफलताओं का मार्ग भी प्रशस्त होता है।व्यवसाय करने के लिए शासकीय योजनाओं से जुड़कर सफलता के द्वार खुलते है और लक्ष्य की प्राप्ति तब और सूखद अनुभव में परिलक्षित होता है जब मन चाहा काम पूरा हो जाता है। ऐसी ही कहानी है ज़िले के विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत चारभाठाखुर्द के हितग्राही श्री रामफल पिता श्री विश्राम की। महात्मा गांधी नरेगा योजना में दैनिक मजदूरी से अपना जीवन-यापन करने वाले श्री रामफल का सपना छोटा सा व्यवसाय करने का था। गौ पालक बनकर आगे बढ़ने की इच्छा थी लेकिन संसाधनों की कमी आड़े आ रही थी। समस्याओं का समाधान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से निकला। जिसमें पशु शेड का निर्माण करने से व्यवसाय ने गति पकड़ी और बढ़ती आमदनी से जीवन आसान हो गया।पशु शेड बन जाने से गौ माता को सभी मौसमों में सुरक्षित रखने की सुविधा अलग से मिल गई। पशु शेड नहीं होने से अनेकों परेशानियां थी जिसमें प्रमुख रूप से सभी मौसमों से पशुधन को बचाना। खुले में पशुधन रहने के कारण यहा वहां चले जाना, किचड़ एवं गंदगी के कारण गायों को होने वाली बिमारियां और साथ ही इस पर होने वाले खरचो की परेशानी बनी रहती थी। पशु शेड़ बनने के पहले शुरूआत में आमदनी कम हुआ करती थी और पशुधन के देखरेख में ज्यादा पैसे खर्च हो जाते थे। इन सभी समस्याओं का समाधान पशु पालन शेड निर्माण के रूप में स्थायी तौर पर हो गया। हितग्राही रामफल को अपने पंचायत से पता चला कि महात्मा गांधी नरेगा योजना की सहायता से उनके पशुधन के लिए पक्का शेड निशुल्क बनाया जा सकता है। फिर क्या था उनकी मांग एवं समस्याओं को देखकर ग्राम पंचायत ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के द्वारा इसका हल निकाला। पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर पशु शेड निर्माण कार्य 68500 रूपए राशि से स्वीकृत कराया गया। स्वीकृति पश्चात माह अक्टुबर 2023 को पशु शेड निर्माण प्रारंभ किया गया।

## स्वच्छता पखवाड़ा में सेजेस कचहरी पारा कवर्धा में किया गया आयोजन

# कवर्धा में चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कचहरी पारा, कवर्धा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल कवर्धा के तत्वाधान में विकसित भारत 2047 और नारी सशक्तिकरण विषय पर आधारित कार्यक्रम के तहत छात्र- छात्राओं के लिए चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, कवर्धा, पवन जायसवाल उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, कवर्धा, राजेंद्र सलूजा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, कवर्धा, दुर्गेश कुमार अवस्थी पार्षद, सोनू उपाध्याय पार्षद प्रतिनिधि, मुकेश भाई पार्षद प्रतिनिधि, केसरी सोनी पार्षद प्रतिनिधि, कैलाश कौशिक पार्षद प्रतिनिधि,अजय गुप्ता अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति कचहरी पारा माध्यमिक विद्यालय सहित विद्यालय के प्राचार्य आरएस धुर्वे, प्रमोद कुमार शुक्ला एवं संतोष पाण्डेय एवं विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण एवं स्वच्छ राष्ट्र स्वस्थ राष्ट्र के चलते विकसित राष्ट्र का निर्माण करना है। पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 9 वी की छात्रा कुमारी अद्रीजा साहू अंग्रेजी माध्यम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जागृति साहू कक्षा दसवीं हिन्दी माध्यम एवं कुमारी नेहा साहू कक्षा 10 वीं हिंदी माध्यम क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। दूसरी ओर रंगोली प्रतियोगिता में पूनम राजपूत एवं कुमारी चंचल राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। दूसरे स्थान पर कुमारी माधुरी साहू एवं साक्षी श्रीवास रहे, मानसी राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता के सभी विजेता हिन्दी माध्यम से थे। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता के मांग पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, वार्ड पार्षद मनोज कुमार गुप्ता, श्रीमती सुषमा सोनू उपाध्याय एवं दुर्गेश कुमार अवस्थी ने विद्यालय के फर्नीचर के लिए 50-50 हजार रूपए पार्षद निधि से देने की घोषणा की तथा नगरपालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने पानी टंकी के नीचे विद्यालय के बच्चों के लिए सायकिल स्टैण्ड कांक्रीटीकरण इसी सत्र में बनवाने की घोषणा की।

# जिले के तीन सहायक उपनिरीक्षकों को कंधे पर स्टार लगाकर किया गया पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल द्वारा जिले के तीन सहायक उप निरीक्षकों को स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस महानिदेशक, नया रायपुर (छत्तीसगढ़) के आदेशानुसार जारी योग्यता सूची वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला कबीरधाम के तीन सहायक उप निरीक्षकों का उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है, जिसमें सहायक उप निरीक्षक श्रीमती उमा उपाध्याय थाना सहसपुर लोहारा, सहायक उप निरीक्षक रघुवंश लाल पाटिल थाना पांडातराई तथा सहायक उप निरीक्षक इसराइल खान अजाक थाना कवर्धा शामिल हैं। इन सभी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा पदोन्नत अधिकारी के एक कंधे पर स्टार लगाया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल द्वारा दूसरे कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें सहायक उप निरीक्षक के पद से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान कर नई जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत अधिकारी को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पदोन्नति केवल पद और दायित्व की वृद्धि नहीं, बल्कि यह कर्तव्यों के प्रति समर्पण और कार्यकुशलता की स्वीकृति है। आशा है कि पदोन्नत तीनों ही अधिकारी अपने अनुभव, निष्ठा और मेहनत से विभाग की गरिमा को और ऊंचाई प्रदान करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक आशीष शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली लालजी सिंह व कार्यालयीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर पदोन्नति की बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।